HNC320

Total Marks: 70

प्रश्न 1: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर 1000 से 1200 शब्दों में लिखिए। 2x12=24

1. 'कोर्ट मार्शल' नाटक में किन–किन सामाजिक समस्याओं को उठाया गया है?

2. रामचंदर के साथ हुए अन्याय में डॉ. गुप्ता किस प्रकार से जिम्मेदार थे? 'कोर्ट मार्शल' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3. स्वेदश दीपक का परिचय देकर 'कोर्ट मार्शल' नाटक के पात्र बिकाश राय का चरित्र–चित्रण कीजिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 उद्धरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2x08=16

4. हाँ, जानता हूँ मैं। नियम और कानून छोटे और कमज़ोर लोगों के लिए होते हैं। कहाँ मानते हैं रुल्ज़ को बड़े और ताकतवर लोग। सेवादार तो अफसर का निजी नौकर, मेरा मतलब पर्सनल सर्वंट बन जाता है! बाज़ार से सामान लाओ, बच्चों को स्कूल छोड़ने जाओ, खाना बनाओ, खाना लगाओ, मेमसाहब के कपड़े प्रेस करो और साहब को हमेशा खुश रखो। लेकिन इसमें आपका क्या दोष! आप तो अपने से छोटों को खिलाफ़ एक्शन ले सकते हैं, अपने से बड़ों की शिकायत तो नहीं कर सकते।

5. कैप्टन गुप्ता! आप सर क्यों कहते हैं मुझे। मेरा रैंक भी कैप्टन का है। आपको शायद मालूम होगा कि गुलामी के दिनों में अंग्रेज अफ़सर हिंदुस्तानी सिपाहियों को जानीज पुकारते थे। यह जानीज शब्द गाली था। गाली। खैर। जाने दीजिए। अगर आपको जवान की जगह जानीज शब्द बोलना अच्छा लगता है तो कौन होता हूँ मैं रोकनेवाला। लेकिन आपको बिना नब्ज़ देखे, बिना थर्मामीटर लगाए पता चल गया कि जानीज रामचंदर झूठ बोल रहा था। बीमारी का बहाना बना रहा था। आप डॉक्टर नहीं, भगवान हैं! सचमुच भगवान!

6. और मान ली आपने गलत शिकायत रामचंदर की। अगर कैप्टन कपूर उसे हरिजन कहकर पुकारते थे तो इसमें बुरा मानने की कौन–सी बात थी? 'हरिजन' शब्द तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया है। अगर रामचंदर को हरिजन कहा गया तो यह गाली कैसे हो गई? आपको अफ़सरों के खिलाफ़ जवानों की झूठी शिकायत नहीं सुननी चाहिए।

प्रश्न 3: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 विषयों पर टिप्पणी लिखिए। 2x5=10

7. सुबेदार बलवान सिंह की गवाही

8. 'कोर्ट मार्शल' नाटक में क्या रामचंदर को न्याय मिलता है?

9. 'कोर्ट मार्शल' के दूसरे अंक का सारांश लिखिए।

प्रश्न 4: निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर निबंध लिखिए। 1x10=10

10. महिला सशक्तिकरण

11. बैंकों का राष्ट्रीयकरण

प्रश्न 5: निम्नलिखित में किसी एक प्रश्न का उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखिए। 1x10=10

12. 'कब्र का मुनाफा' कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

13. 'शवयात्रा' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।